COVID-19 टीकाकरण केबाद मायोकार्डिटिस: माता-पिता और युवा वयस्कों को क्या जानना चाहिए

मायोकार्डिटिस क्या है?

मायोकार्डिटिस और पेरीकार्डिटिस हृदय की मांसपेशियों या हृदय की बाहरी परत की सूजन की व्याख्या करने वाले शब्द हैं। सामान्य लक्षणों में सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई और असामान्य हृदय गति शामिल हैं। वायरस जैसे संक्रमण के जवाब में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अक्सर इस तरह के सूजन का कारण बन सकती है।

मायोकार्डिटिस बहुत आम नहीं हैं और शायद ही कभी जानलेवा होते हैं।

अमेरिका में हर साल मायोकार्डिटिस के 200,000 से भी कम मामले सामने आते हैं जिनमें 2% से भी कम जानलेवा होते हैं।5 से 11 वर्ष की उम्र के 3,000 से ज्यादा बच्चों के टीका संबंधी क्लिनिकल परीक्षणों में टीके से होने वाले मायोकार्डिटिस की कोई रिपोर्ट नहीं मिली।

- यह रोग संक्रामक रोग नहीं होता है।
- ज़्यादातर मामले बेहद कम गंभीरता वाले होते हैं।
- इसे आमतौर पर ज़्यादातर उपचार की जरूरत नहीं होती बस लक्षणों को प्रबंधित करना होता है (दवा और आराम)

क्या इसका COVID-19 टीकाकरण से कोई संबंध है?

हालांकि ऐसा बहुत कम होता है पर सबूतों से mRNA COVID-19 टीकों और मायोकार्डिटिस/पेरीकार्डिटिस के बीच संबंध दिखता है। COVID-19 संक्रमण से भी मायोकार्डिटिस हो सकता है। Centers for Disease Control and Prevention (CDC, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) ने COVID-19 संक्रमण के बाद हुए मायोकार्डिटिस के बारे में कई अध्ययन प्रकाशित किए हैं, जो कि COVID-19 टीका लगने के बाद हुए मायोकार्डिटिस की तुलना में कहीं ज्यादा आम है।संयुक्त राज्य अमेरिका में COVID-19 टीकाकरण के कारण होने वाले मायोकार्डिटिस से कोई मौत नहीं हुई है।

टीकाकरण के बाद मुझे किन संकेतों और लक्षणों के प्रति सचेत रहना चाहिए?

ज़्यादातर मामले किशोरों और युवा वयस्कों में देखने को मिले हैं। दूसरी खुराक के बाद लक्षण ज़्यादा नज़र आते हैं।

CDC का सुझाव है कि हाल ही में टीका लेने वाले लोगों को टीकाकरण के बाद, खासतौर पर टीकाकरण के बाद के पहले सप्ताह में, इनमें से कोई भी लक्षण नजर आने पर चिकित्सीय सहायता लेनी चाहिए:

- सीने में दर्द
- सांस लेने में तकलीफ होना
- दिल के तेज़ धड़कने, फड़फड़ाने या तेज़ धड़कने का अहसास होना

मायोकार्डिटिस या पेरीकार्डिटिस से पीड़ित अधिकतर मरीज़ जिन्हें चिकित्सीय देखभाल मिली, वे उपचार से ठीक हो गए और जल्दी ही बेहतर महसूस करने लगे। लक्षणों में सुधार होने के बाद मरीज़ आमतौर पर अपने सामान्य दैनिक काम करना शुरू कर सकते हैं। मायोकार्डिटिस से पीड़ित लोगों को व्यायाम जैसी गतिविधियों को फिर से शुरू करने से पहले अपने हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।

याद रखें, COVID-19 का कोई भी टीका लगवाने के बाद पहले सप्ताह के दौरान हल्के से मध्यम लक्षणों का होना सामान्य है जिसमें बुखार, सरदर्द, कमजोरी और जोड़ों या मांसपेशियों में दर्द होना शामिल है।

टीकाकरण अब भी सबसे अच्छा विकल्प है।

टीकों के प्रतिकूल प्रभाव के संभावित खतरों (जैसे कि मायोकार्डिटिस) की तुलना में टीकों के पक्के लाभ कहीं अधिक हैं। COVID-19 से बचाव के लिए CDC लगातार यह सिफ़ारिश कर रहा है कि जो भी पात्र हैं वे सभी लोग COVID-19 टीके लगवा कर अप टू डेट रहें।

DOH 348-835 September 2023 Hindi

इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने केलिए 1-800-525-0127 पर कॉल करे ।बहरेया कम सुनने वाले गराहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या doh.information@doh.wa.gov पर ई-मेल करें